उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:- 29.03.2026
# महोबा पुलिस
मीडिया सेल, महोबा

## मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद महोबा में व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित

मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद महोबा के समस्त थानों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सुदृढ़ एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित विशेष अभियान के क्रम में आज दिनांक 29.03.2026 को जनपद महोबा में विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

उक्त कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में संपन्न कराए गए।

कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस टीमों द्वारा बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों एवं ग्राम/कस्बा क्षेत्रों में पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित किया गया। इस दौरान उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उन्हें आश्वस्त किया गया कि किसी भी प्रकार की शिकायत, उत्पीड़न अथवा आपात स्थिति में पुलिस द्वारा त्वरित सहायता प्रदान की जाएगी।

पुलिस टीमों ने महिलाओं को घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, साइबर अपराध एवं अन्य महिला संबंधी अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। साथ ही महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 181 आदि एवं मिशन शक्ति केंद्रों की सेवाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए यह संदेश दिया गया कि वे किसी भी प्रकार की समस्या के संबंध में निडर होकर पुलिस से संपर्क करें।

जनपद महोबा पुलिस महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, उन्हें सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा उनके प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम हेतु निरंतर सक्रिय एवं प्रतिबद्ध है।





उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:- 29.03.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना पनवाड़ी पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ 02 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार।

जनपद महोबा में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के नेतृत्व, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकांत के पर्यवेक्षण में थाना पनवाड़ी पुलिस द्वारा महत्वपूर्ण कार्यवाही की गई।

आज दिनांक 29.03.2026 को प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन में गठित पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग के दौरान 02 नफर अभियुक्तों क्रमशः 1. पवन पुत्र लकचन्द्र, उम्र करीब 22 वर्ष, निवासी ग्राम किल्हौवा थाना पनवाड़ी जनपद महोबा 2. मृगेन्द्र राजपूत पुत्र गुलाब सिंह राजपूत, उम्र करीब 23 वर्ष, निवासी ग्राम खडाकर थाना राठ जनपद हमीरपुर को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

गिररफ्तार अभियुक्त पवन के कब्जे से 01 अदद तमंचा 12 बोर व 02 अदद जिंदा कारतूस 12 बोर तथा अभियुक्त मृगेन्द्र के कब्जे से 02 अदद जिंदा कारतूस 12 बोर नाजायज बरामद हुए। इस संबंध में थाना पनवाड़ी पर मु0अ0सं0 36/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए उन्हें माननीय न्यायालय महोबा के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

**बरामदगी:**

- 01 अदद तमंचा 12 बोर
- 04 अदद जिंदा कारतूस 12 बोर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:**

1. उ0नि0 हार्दिक सिंह, थाना पनवाड़ी जनपद महोबा
2. उ0नि0 पवन गौड़, थाना पनवाड़ी जनपद महोबा
3. का0 रामकुमार तिवारी, थाना पनवाड़ी जनपद महोबा
4. का0 इन्द्रपाल चौहान, थाना पनवाड़ी जनपद महोबा

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1.पवन पुत्र लकचन्द्र, उम्र करीब 22 वर्ष, निवासी ग्राम किल्हौवा थाना पनवाड़ी जनपद महोबा
2. मृगेन्द्र पुत्र गुलाब सिंह राजपूत, उम्र करीब 23 वर्ष, निवासी ग्राम खडाकर थाना राठ जनपद हमीरपुर



## जनपद महोबा पुलिस द्वारा मासिक सैनिक सम्मेलन एवं अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन, कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु दिए गए महत्वपूर्ण निर्देश

आज दिनांक 28.03.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के नेतृत्व में जनपद महोबा में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, प्रभावी एवं उत्तरदायी बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस लाइन सभागार में मासिक सैनिक सम्मेलन एवं मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी का विस्तृत आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण, थाना प्रभारी, शाखा प्रभारी एवं अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ❖ पुलिस कर्मियों की समस्याओं का संवेदनशील अनुश्रवण

सैनिक सम्मेलन के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा अधीनस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों की व्यक्तिगत एवं विभागीय समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं न्यायसंगत निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही पुलिस बल के मनोबल को सुदृढ़ रखने, कार्यक्षमता बढ़ाने तथा कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया गया।

### ❖ त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने पर प्रशंसा

माह मार्च के दौरान होली, चैत्र नवरात्रि, रामनवमी, रमजान एवं ईद जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्वों को जनपद में शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सकुशल वातावरण में संपन्न कराए जाने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों के कार्यों की सराहना की गई। उन्होंने कहा कि पुलिस बल की सजगता, समन्वय एवं प्रतिबद्धता के कारण जनपद में शांति व्यवस्था कायम रही, जो अत्यंत सराहनीय है। इस अवसर पर कर्मियों का उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया।

### ❖ आगामी आयोजनों को लेकर विशेष सतर्कता के निर्देश

आगामी डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती एवं पंचायत चुनावों के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में सघन निगरानी, निरंतर गश्त, खुफिया तंत्र की सक्रियता एवं त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली को मजबूत करने हेतु ठोस रणनीति अपनाने पर जोर दिया गया। साथ ही चुनावी प्रक्रिया को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### ❖ अपराध समीक्षा एवं प्रभावी नियंत्रण पर जोर

अपराध समीक्षा गोष्ठी के दौरान जनपद में घटित विभिन्न आपराधिक घटनाओं का बिंदुवार एवं गहन विश्लेषण किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए कि अपराध नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा अपराधियों के विरुद्ध कठोर, प्रभावी एवं निरंतर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने लंबित विवेचनाओं के शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, वांछित/पुरस्कार घोषित अभियुक्तों की त्वरित गिरफ्तारी, एवं संगठित अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु संबंधित अधिकारियों को जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः– 29.03.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा


### ◆ मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सुरक्षा पर विशेष फोकस

बैठक के दौरान मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद में जनजागरूकता कार्यक्रमों का व्यापक आयोजन, महिला संबंधी शिकायतों का त्वरित एवं संवेदनशील निस्तारण, तथा आपातकालीन सहायता सेवाओं की सुलभता सुनिश्चित की जाए। साथ ही बीट स्तर तक महिला सुरक्षा के प्रति जागरूकता एवं विश्वास का वातावरण बनाने के निर्देश दिए गए।




### ◆ अनुशासन, जवाबदेही एवं प्रोफेशनल पुलिसिंग पर जोर

पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी अधिकारी/कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं अनुशासन के साथ करें। जनता के साथ सकारात्मक संवाद, संवेदनशील व्यवहार एवं त्वरित सेवा को प्राथमिकता देने पर बल दिया गया, जिससे पुलिस के प्रति आमजन का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो सके।

◈ अंत में पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। सभी अधिकारियों को टीम भावना के साथ कार्य करते हुए जनहित में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित किया गया।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:– 29.03.2026

मीडिया सेल, महोबा

## मिशन शक्ति अभियान 5.0 :- परिवार परामर्श केन्द्र की पहल से 01 परिवारों में लौटी खुशियाँ, आपसी मतभेद हुए दूर...।



मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत जनपद महोबा पुलिस द्वारा संचालित परिवार परामर्श केन्द्र के प्रभावी प्रयासों से कई बिखरते परिवारों को टूटने से बचाया गया है। संवाद, समझ और संवेदनशील परामर्श के माध्यम से पारिवारिक विवादों का समाधान कर परिवारों में पुनः खुशियों की वापसी कराई गई।

आज दिनांक 29.03.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में पुलिस लाइन महोबा स्थित सभाकक्ष में परिवार परामर्श केन्द्र का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी महिला थाना उ0नि0 निकिता शुक्ला द्वारा की गई। कार्यक्रम में परिवार परामर्श केन्द्र के सभी सम्मानित सदस्यगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान पति-पत्नी के 09 ऐसे जोड़ों, जिनके मध्य पारस्परिक पारिवारिक विवाद चल रहा था, की गहन काउंसिलिंग की गई। प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुना गया तथा दोनों पक्षों की समस्याओं के समाधान हेतु संयमित, सकारात्मक एवं संवेदनशील परामर्श प्रदान किया गया। काउंसिलिंग के परिणामस्वरूप 01 पति-पत्नी (दंपत्ति) पुनः आपसी सहमति से साथ रहने के लिए राज़ी हुए। शेष प्रकरणों को आगामी तिथि पर पुनः काउंसिलिंग हेतु आमंत्रित किया गया है।

परिवार परामर्श केन्द्र एवं जनपद महोबा पुलिस के इन सफल प्रयासों की प्रभावित परिवारों एवं उनके परिजनों द्वारा सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

परामर्श कार्यक्रम के दौरान म0कां0 अनुप्रिया, म0कां0 आरती यादव, म0का0 किरन सहित परिवार परामर्श कमेटी से काउंसलर श्रीमती नीतू पालीवाल, श्री रामजी गुप्ता, श्री शिवकुमार गोस्वामी आदि सम्मानित सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति सराहनीय रही।

@MahobaPolice

## घरेलू विवाद का थाना स्तर पर सफल निस्तारण, मिशन शक्ति टीम द्वारा काउंसलिंग कर कराया गया समझौता

आज दिनांक 29.03.2026 को थाना स्थानीय पर आवेदिका श्रीमती रचना पत्नी दिनेश कुमार निवासी ग्राम सरगपुरा थाना पनवाड़ी जनपद महोबा द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अवगत कराया गया कि उनके पति दिनेश पुत्र रामगोपाल द्वारा प्रतिदिन शराब के नशे में गाली-गलौज एवं मारपीट कर उन्हें मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है।

उक्त प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए थाना पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र के माध्यम से दोनों पक्षों को बुलाया गया। पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के मार्गदर्शन में मिशन शक्ति टीम द्वारा दोनों पक्षों की काउंसलिंग की गई।

काउंसलिंग के दौरान दोनों पक्षों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया तथा आपसी समझाइश एवं संवाद के माध्यम से उन्हें शातिपूर्ण ढंग से रहने हेतु प्रेरित किया गया।

काउंसलिंग के उपरांत दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि भविष्य में किसी प्रकार का विवाद, गाली-गलौज या मारपीट नहीं करेंगे तथा आपसी सौहार्द के साथ रहेंगे।

थाना पुलिस द्वारा आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर प्रकरण का निस्तारण किया गया।

❖ जनपद पुलिस का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं त्वरित न्याय सुनिश्चित करना है।



## मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) के तहत मॉल, होटल व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सघन चेकिंग, आमजन को किया गया जागरूक...।

निदेशक महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या वी0पा0ला0-एचसी-व-13/2023/71 के अनुपालन में आज दिनांक 29.03.2026 को प्रदेश की महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु चलाए जा रहे "मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण)" विशेष अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के आदेशानुसार एवं अपर पुलिस अधीक्षक (नोडल अधिकारी) श्रीमती वन्दना सिंह के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी कार्यालय श्री तेज प्रकाश सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में अभियान चलाया गया।

अभियान के अंतर्गत प्रभारी निरीक्षक थाना एएचटीयू श्री अवधेश कुमार मिश्र मय हमराह उ0नि0 फूलचन्द्र मिश्र, कां0 आनन्द कुमार एवं म0का0 कविता देवी द्वारा कोतवाली नगर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्रमुख स्थानों—कैंटाविल मॉल, आर.आर.सी. होटल/रेस्टोरेण्ट, श्री कृष्णा भोजनालय/ढाबा, अवध होटल एंड रेस्टोरेण्ट सहित अन्य सार्वजनिक एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सघन चेकिंग एवं पूछताछ की गई।

इस दौरान टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों/परिस्थितियों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए संबंधित प्रतिष्ठानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा आमजन को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया। साथ ही महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा से संबंधित विषयों पर संवाद स्थापित कर उन्हें सजग रहने हेतु प्रेरित किया गया।

पुलिस टीम द्वारा लोगों को शासन द्वारा जारी आपातकालीन टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1090 (वूमेन पावर लाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 108 (एम्बुलेंस सेवा), 112 (आपातकालीन सेवा), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) एवं 181 (महिला हेल्पलाइन) के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान कर आवश्यकता पड़ने पर तत्काल उपयोग करने हेतु जागरूक किया गया।

जनपद महोबा पुलिस महिला एवं बाल सुरक्षा के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा इस प्रकार के जागरूकता एवं चेकिंग अभियान भविष्य में भी निरंतर संचालित किए जाते रहेंगे।




